**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0-11 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 11 (क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड नगरीय खण्ड, खोरावार जनपद-गोरखपुर के क्षेत्रान्तर्गत कितनी नगर पंचायतें एवं नगर पालिका परिषद सम्मिलित हैं ? | खोराबार क्षेत्र जो नगर निगम गोरखपुर के अन्तर्गत है, की विद्युत आपूर्ति विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-तृतीय गोरखपुर द्वारा की जाती है। इसके अन्तर्गत कोई अन्य नगर पालिका अथवा नगर पंचायत नहीं है। |
| (ख) उक्त पंचायतों एवं परिषदों के अन्तर्गत दिनाक 01 जुलाई, 2021 से 01 जनवरी, 2024 तक कितने पुराने मीटर बदले गये और उन मीटरों की रीडींग यूनिट कितनी-कितनी थी ? | विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-तृतीय, गोरखपुर के अन्तर्गत दिनांक 01 जुलाई, 2021 से जनवरी, 2024 तक की अवधि तक बदले गये कुल 2369 मीटरों में कुल 143.50 लाख यूनिट रीडिंग प्राप्त हुई है। |
| (ग) क्या उक्त अवधि में बदले गये पुराने मीटरों में अंकित यूनिटें लगाये गये नये मीटरों में फीड करके उक्त यूनिटों के अनुसार धनराशि की वसूली की गई ? | उक्त अवधि में प्राप्त ऊर्जा खपत (यूनिट) को सम्बंधित उपभोक्ताओं के बिल में फीड कर दिया गया है एवं तदनुसार वसूली की गयी है। |
| (घ) यदि हॉ, तो कितनी धनराशि की वसूली की गयी ? | बदले गये मीटरों एवं नये मीटरों की खपत के सापेक्ष रू0 7.89 करोड़ की वसूली की गयी है। |
| (ड) क्या उक्त अवधि में ओ0टी0एस0 योजना में अधिशासी अभियन्ताओं की आई0डी0 से अतिरिक्त ब्याज भी माफ किया गया ? | ऐसा कोई प्रकरण संज्ञान में नहीं है। |
| (च) यदि हॉ, तो क्या उपरोक्त तथ्यों की उच्च स्तरीय जॉच कराकर जॉच आख्या सदन की मेज पर रखेंगे ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ए.के. शर्मा**
**ऊर्जा मंत्री।**